उत्तर प्रदेश शासन

नागरिक उड्डयन अनुभाग

संख्या :60/2017/1056/छप्पन-2017-37/2014

लखनऊ : दिनांक : 24 अगस्त, 2017

कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन अनुरक्षण सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई, उ0प्र0, लखनऊ में वायुयान एवियानिक्स अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1267/छप्पन-2014-24/2006 टी0सी0, दिनांक 31.07.2014 द्वारा श्री बी0के0 द्विवेदी को रूपये 2.00 लाख (रूपये दो लाख मात्र) के नियत मासिक पारिश्रमिक पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति प्रदान की गयी थी, जिसके अनुपालन में श्री बी0के0 द्विवेदी द्वारा दिनांक 25.08.2014 के पूर्वान्ह में अपना योगदान प्रस्तुत किया गया। तदोपरान्त संख्या-81/2016/1062/छप्पन-2016-37/2014, दिनांक 19.10.2016 द्वारा श्री बी0के0 द्विवेदी को रूपये 2.10 लाख (रूपये दो लाख दस हजार मात्र) के नियत मासिक पारिश्रमिक पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति प्रदान की गयी थी। श्री द्विवेदी की संविदा अवधि दिनांक 24.08.2017 को समाप्त हो रही है। चूँकि श्री द्विवेदी द्वारा अपने पत्र दिनांक 19.07.2017 द्वारा नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 में आगे भी कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है तथा निदेशालय को अभी श्री द्विवेदी की सेवाओं की आवश्यकता है। अतः श्री राज्यपाल श्री बसन्त कुमार द्विवेदी की संविदा अवधि अग्रेत्तर दो वर्ष अर्थात् दिनांक 25.08.2017 से 24.08.2019 तक वर्तमान नियत मासिक पारिश्रमिक रूपये 2,20,500/- (रूपये दो लाख बीस हजार पांच सौ मात्र) में पूर्व शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन बढ़ाये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- श्री बसन्त कुमार द्विवेदी को उक्त संविदा अवधि में उपर्युक्त नियत मासिक पारिश्रमिक के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ते देय नहीं होंगे। उपर्युक्त पूर्व शर्तों के अधीन रहते हुए उन पर अन्य शर्तें वही लागू होंगी, जो अस्थायी कर्मचारियों पर लागू होती हैं और वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-2, भाग-2 के सहायक नियम-157-ए तथा तत्सम्बन्धी शासनादेशों के अन्तर्गत उन्हें अस्थायी राज्य कर्मचारियों की भाँति अवकाश देय होगा।

---2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3- वायुयान एवियानिक्स अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर कार्यरत श्री बसन्त कुमार द्विवेदी से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

(सूर्य पाल गंगवार)
विशेष सचिव।

श्री बसन्त कुमार द्विवेदी (संविदा सेवा),
नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0,
लखनऊ।

संख्या:60/2017/1056(1)/छप्पन-2017 तददिनांक ।

1- निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ को इस अभ्युक्ति के साथ कि वायुयान एवियानिक्स अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर कार्यरत श्री बसन्त कुमार द्विवेदी से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- उप महालेखाकार/ ई0एस0-।।।, आडिट भवन, टीसी-35-वी-।, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-10
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त (सामान्य) अनुभाग-1/2
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
7- वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, लखनऊ।
8- कार्मिक अनुभाग-1
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डा0 सत्य प्रकाश तिवारी)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in